# कार्यालय–जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जनपद–बाँदा।

पत्रांक/समग्र शिक्षा/बा0शि0/7071-80/2026–27 दिनांक : 25/07/2026

## विज्ञप्ति

उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के रिक्त पदों पर कार्मिकों के चयन/पदस्थापन के सम्बन्ध में विशेष सचिव, उ0प्र0 शासन शासनादेश सं0–I/570148/2024 File No.-68-5099/23/2024-25 बेसिक शिक्षा अनुभाग–5, दिनांक 28.05.2024 एवं तत्क्रम में राज्य परियोजना कार्यालय के पत्रांकः के0जी0बी0वी0/1837/2024–25 दिनांक 30.05.2024 तथा शासन के पत्र संख्या–1553/ 68–5–2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग–5 लखनऊ दिनांक 11 दिसम्बर 2020 एवं महानिदेशक, निदेशक महोदय, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ के पत्रांक/के0जी0बी0वी0/ शिक्षक/8362/2020–21 दिनांक 04.01.2021 व पत्रांक/के0जी0बी0वी0/1121/2023–24/दिनांक 25.04.2023 के क्रम में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में रिक्त शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक पदों पर चयन/पदस्थापन किये जाने के निर्देश दिये गये हैं, के क्रम में जिलाधिकारी महोदय, बाँदा के अनुमोदन दिनांक 19.06.2026 के अनुपालन में जनपद–बाँदा में संचालित 04 नवीन उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों बबेरू, बड़ोखर खुर्द, बिसण्डा एवं नरैनी में (कक्षा–9 से 12) हेतु रिक्त 72 एवं पूर्व में संचालित महुआ एवं कमासिन में 5 रिक्त पदों पर नियत एवं संविदा के आधार पर शैक्षिक सत्र 2026–27 के लिये शैक्षिक/शिक्षणेत्तर कार्मिकों के नवीन चयन हेतु केवल महिला अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों रिक्त पदों का विवरण कक्षा–9 से 12 तक

| क्र.सं. | कुल रिक्तियाँ | अनारक्षित | ई0डब्लू0एस0 | पिछड़ा वर्ग | अनु0जाति | पद | निर्धारित योग्यता | वरीयमान अर्हता | आयु (01 अप्रैल 2026 को) न्यूनतम एवं अधिकतम | निर्धारित मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 4 | 1 | 0 | 1 | 2 | प्रधानाचार्या | 1. प्रशिक्षित एम0ए0 (हिन्दी/अंग्रेजी) अथवा एम0एस0सी0 (भौतिक विज्ञान/रसायन विज्ञान/जन्तु विज्ञान/वनस्पति विज्ञान/गणित/कम्प्यूटर साइंस) किसी विश्वविद्यालय या संस्था या ऐसे विश्वविद्यालय या संस्था से सम्बद्ध किसी मान्यता प्राप्त संस्था की या अन्य राज्यों की परिषदों से सम्बद्ध किसी संस्था की या इसी प्रकार की संस्थाओं की, जिसकी परीक्षाएं परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त हैं, कक्षा–9 से 12 तक में कम से कम चार वर्ष का प्रशिक्षण अनुभव हो या विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त किसी जूनियर हाईस्कूल के प्रशिक्षण स्नातक प्रधानाध्यापक के रूप में कम से कम चार वर्ष का अनुभव हो, प्रतिबन्ध यह भी है कि वह 30 वर्ष से कम आयु की न हो।<br>2. किसी मान्यता प्राप्त संस्था में इण्टरमीडिएट कक्षाओं में दस वर्ष का शिक्षण अनुभव के साथ–साथ प्रथम या द्वितीय श्रेणी की स्नातकोत्तर उपाधि या पन्द्रह वर्ष के शिक्षण अनुभव के साथ तृतीय श्रेणी की स्नातकोत्तर उपाधि<br>या<br>3. विज्ञान में प्रशिक्षित स्नातकोत्तर डिप्लोमाधारी, प्रतिबन्ध यह है कि उसने यह डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रथम या द्वितीय श्रेणी उत्तीर्ण किया हो और किसी मान्यता प्राप्त संस्था में ऐसा डिप्लोमा पाठ्यक्रम उत्तीर्ण करने के लिये पश्चात् क्रमशः 15 या 20 वर्ष की प्रशंसनीय सेवा की हो। | प्रशिक्षित | 30–45 वर्ष | रू0 30,000 प्रतिमाह |
| 2. | 4 | 2 | 0 | 1 | 1 | पी0जी0टी0 हिन्दी | हिन्दी में एम0ए0 तथा संस्कृत के साथ बी0ए0 अथवा शास्त्री परीक्षा राजकीय संस्कृत कालेज, वाराणसी अब सम्पूर्णानन्द विश्वविद्यालय वाराणसी | प्रशिक्षित | 25–45 वर्ष | रू0 22,000 प्रतिमाह |
| 3. | 4 | 1 | 0 | 1 | 2 | पी0जी0टी0 अंग्रेजी | नियमानुसार स्थापित उत्तर प्रदेशीय अथवा किसी अन्य मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी विषय | प्रशिक्षित | 25–45 वर्ष | रू0 22,000 |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | में स्नातकोत्तर उपाधि (पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री) किसी ट्रेनिंग कालेज से एल0टी0 डिप्लोमा या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एजुकेशन में डिग्री या डिप्लोमा रखने वाले को प्राथमिकता दी जायेगी। | | | प्रतिमाह |
| 4. | 4 | 1 | 0 | 1 | 2 | पी0जी0टी0 गणित | 1. एम0ए0 अथवा एम0एस0सी0 गणित<br>अथवा<br>2. गणित में त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम सहित बी0ए0 (आनर्स) अथवा बी0एस0सी0 (आनर्स) | प्रशिक्षित | 25–45 वर्ष | रू0 22,000 प्रतिमाह |
| 5. | 5 | 3 | 0 | 0 | 2 | पी0जी0टी0 जीव विज्ञान | 1. वनस्पति विज्ञान अथवा जन्तु विज्ञान में एम0एस0सी0<br>अथवा<br>2. कृषि विषयक वनस्पति विज्ञान के साथ एम0एस0सी0, बी0एस0सी0 में जन्तु विज्ञान<br>अथवा<br>3. कृषि विषयक जन्तु विज्ञान के साथ एम0एस0सी0, बी0एस0सी0 में वनस्पति विज्ञान<br>अथवा<br>4. यू0जी0सी0 द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय /डिग्री कालेज से एम0एस0सी0 (लाइफ साइंस)<br>अथवा<br>5. किसी विश्वविद्यालय या डिग्री कालेज में शिक्षा विभाग, उ0प्र0 द्वारा आयोजित जीव विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के साथ बी0एस0सी0 | प्रशिक्षित | 25–45 वर्ष | रू0 22,000 प्रतिमाह |
| 6. | 4 | 1 | 0 | 1 | 2 | पी0जी0टी0 रसायन विज्ञान | 1. रसायन विज्ञान में एम0एस0सी0<br>अथवा<br>2. रसायन विज्ञान में त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम के साथ बी0एस0सी0 (आनर्स)<br>अथवा<br>3. यू0जी0सी0 द्वारा मान्यता प्राप्त किसी विश्वविद्यालय/डिग्री कालेज से स्नातकोत्तर (बायोकेमिस्ट्री<br>अथवा<br>4. किसी विश्वविद्यालय या डिग्री कालेज से शिक्षा विभाग, उ0प्र0 द्वारा आयोजित रसायन विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के साथ बी0एस0सी0 | प्रशिक्षित | 25–45 वर्ष | रू0 22,000 प्रतिमाह |
| 7. | 5 | 3 | 0 | 0 | 2 | पी0जी0टी0 भौतिक विज्ञान | 1. एम0एस0सी0 (भौतिक शास्त्र)<br>अथवा<br>2. किसी विश्वविद्यालय या डिग्री कालेज से शिक्षा विभाग, उ0प्र0 द्वारा आयोजित भौतिक विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के साथ बी0एस0सी0 | प्रशिक्षित | 25–45 वर्ष | रू0 22,000 प्रतिमाह |
| 8. | 4 | 1 | 0 | 1 | 2 | कम्प्यूटर विज्ञान | 1. एमटेक (कम्प्यूटर विज्ञान)<br>अथवा<br>2. बी0ई0/बी0टेक (कम्प्यूटर विज्ञान) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से<br>अथवा<br>3. एम0सी0ए0 अथवा एम0एस0सी0 (कम्प्यूटर विज्ञान) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अथवा "बी" लेबिल ऑफ डी0ओ0ई0ए0सी0सी0 (डिपार्टमेन्ट ऑफ इलेक्ट्रानिक्स एण्ड एक्रीडियेशन आफ कम्प्यूटर कोर्स)<br>अथवा<br>4. स्नातकोत्तर डिग्री के साथ पी0जी0 डिप्लोमा इन कम्प्यूटर ऐप्लीकेशन विज्ञान किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से<br>अथवा<br>5. स्नातकोत्तर डिग्री के साथ बी0एस0सी0 (कम्प्यूटर कोर्स कम्पोनेन्ट कनसेसटिंग ऑफ एट लिस्ट 1/3 ऑफ साइंस कोर्स किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से)<br>अथवा<br>6. स्नातकोत्तर डिग्री के साथ ए–लेबिल ऑफ | प्रशिक्षित | 25–45 वर्ष | रू0 22,000 प्रतिमाह |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | डी.ओ.ई.ए.सी.सी. (डिपार्टमेन्ट ऑफ इलेक्ट्रानिक्स एण्ड एक्रीडियेशन ऑफ कम्प्यूटर कोर्स) | | | |
| 9. | 4 | 2 | 0 | 1 | 1 | केयर टेकर | परास्नातक एवं बी0एड0 | प्रशिक्षित | 25–45 वर्ष | रू0 24,200 प्रतिमाह |
| 10. | 12 | 6 | 1 | 4 | 1 | लैब असिस्टेन्ट | हाईस्कूल विज्ञान वर्ग के साथ एवं लैबोरेटरी तकनीक में डिप्लोमा<br>अथवा<br>मान्यता प्राप्त बोर्ड से इण्टरमीडिएट विज्ञान वर्ग के साथ | – | 25–45 वर्ष | रू0 7,147 प्रतिमाह (EPF सहित) |
| 11. | 6 | 3 | 0 | 1 | 2 | कार्यालय अधीक्षक / लिपिक | 1. माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 द्वारा आयोजित इण्टरमीडिएट परीक्षा अथवा उसके समकक्ष कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण हो।<br>2. माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 के साथ–साथ केन्द्र अथवा किसी राज्य द्वारा स्थापित किसी संस्था / शिक्षाबोर्ड / परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल अथवा इण्टरमीडिएट परीक्षा में पृथक विषय के रूप में कम्प्यूटर साइंस विषय को लिया गया हो।<br>अथवा<br>कम्प्यूटर संचालन DOEACC/NIELIT द्वारा प्रदत्त CCC क प्रमाणपत्र अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से समकक्ष स्तर का प्रमाण–पत्र।<br>अथवा<br>कम्प्यूटर साइंस में डिप्लोमा / डिग्री<br>3. कम्प्यूटर पर हिन्दी टंकण गति न्यूनतम 25 शब्द प्रति मिनट एवं कम्प्यूटर पर अंग्रेजी टंकण गति न्यूनतम 30 शब्द प्रति मिनट | – | 25–45 वर्ष | रू0 12,430 प्रतिमाह (EPF सहित) |
| 12. | 12 | 6 | 1 | 2 | 3 | सहायक रसोईया | कक्षा–8 उत्तीर्ण | – | 25–45 वर्ष | रू0 6,433 प्रतिमाह (EPFसहित) |
| 13. | 5 | 3 | 0 | 1 | 1 | चपरासी | कक्षा–8 उत्तीर्ण | – | 25–45 वर्ष | रू0 7,147 प्रतिमाह (EPFसहित) |
| 14. | 4 | 2 | 0 | 1 | 1 | चौकीदार | कक्षा–8 उत्तीर्ण | – | 25–45 वर्ष | रू0 7,147 प्रतिमाह (EPFसहित) |

नोट–

- समस्त पद महिला अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित है।
- प्रधानाचार्या जिस विषय की अर्हता रखती होगी उस विषय पर पृथक से शिक्षिका की नियुक्ति नहीं की जायेगी तथा सम्बन्धित विषय का शिक्षण कार्य प्रधानाचार्या द्वारा ही किया जायेगा तथा उस विषय की रिक्त सम्बन्धित श्रेणी में एक कम मानी जायेगी।
- कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में संविदा के आधार पर 11 माह 29 दिन के लिये शैक्षणिक / गैर शैक्षणिक पदों पर कार्मिकों का चयन किया जायेगा।
- केयर टेकर, चपरासी, चौकीदार एवं सहायक रसोइया के अभ्यर्थियों को विद्यालय में रात्रि निवास अनिवार्य होगा तथा शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नहीं होना चाहिए।
- पदवार / विषयवार रिक्तियों की संख्या घट–बढ़ सकती है, जिसके सम्बन्ध में विषयवार एवं पदवार आरक्षण का निर्धारण चयन समिति के निर्णय के अधीन होंगे।

आयु–

- प्रधानाचार्या के लिये न्यूनतम आयु चयन वर्ष की 01 अप्रैल 2026 को न्यूनतम 30 वर्ष एवं अधिकतम आयु 45 वर्ष होगी और कक्षा–09 से 12 तक में कम से कम 04 वर्ष का शिक्षण अनुभव हो।
- शेष पदों पर चयन वर्ष की 01 अप्रैल 2026 को न्यूनतम आयु 25 वर्ष एवं अधिकतम आयु 45 वर्ष होगी।

आरक्षण–
राज्य सरकार के निर्धारित प्राविधानों के अनुसार आरक्षण देय होगा। (अन्य पिछड़ी जाति/अनु0जाति एवं अनु0जाति एवं अनु0जनजाति के अभ्यर्थी को पिता पक्ष का जाति प्रमाण–पत्र की प्रति संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा आरक्षण का लाभ देय नहीं होगा) ई0डब्लू0एस0 वर्ग के अभ्यर्थियों को वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु मान्य प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
चरित्र– किसी सेवा से बर्खास्त, नैतिक/चारित्रिक अधमता के अपराध के लिये दोष सिद्ध एवं दिवालिया व्यक्ति चयन के लिये अर्ह नहीं होंगे।

- अभ्यर्थी के चयन के लिये भारांक के अंकों का निर्धारण निम्न प्रकार किया जायेगा–

| क्र.सं. | परीक्षा/उपाधि का नाम | गुणवत्ता अंक |
|---|---|---|
| 1. | हाईस्कूल | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत x 10/100 |
| 2. | इण्टरमीडिएट | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत x 10/100 |
| 3. | स्नातक उपाधि | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत x 20/100 |
| 4. | परास्नातक उपाधि | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत x 20/100 |
| 5. | प्रशिक्षण | सैद्धान्तिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत x 30/100 |

- यदि दो या अधिक अभ्यर्थियों के गुणवत्ता अंक समान हो तो ऐसे अभ्यर्थी का नाम, जो आयु में ज्येष्ठ हो, सूची में उच्चतर रखा जायेगा।
- यदि दो या अधिक अभ्यर्थियों के गुणवत्ता अंक और आयु समान हो तो अभ्यर्थी का नाम, अंग्रेजी वर्णमाला कम के अनुसार सूची में रखा जायेगा।
- सहायक रसोइया, चपरासी एवं चौकीदार के पद पर चयन साक्षात्कार के आधार पर किया जायेगा।

सत्यापन–
शिक्षक/शिक्षणेत्तर स्टॉफ के चयन के समय प्रस्तुत प्रमाण पत्रों का सत्यापन सम्बन्धित बोर्ड/संस्था से कराया जायेगा। कार्मिको के मूल शैक्षिक अभिलेखों को जिला परियोजना कार्यालय में सुरक्षित/संरक्षित कराया जायेंगा। अभिलेखों के सत्यापनोपरान्त ही मानदेय का भुगतान किया जायेगा।

<u>निर्देश एवं शर्ते</u>–
1. विज्ञप्ति में दिये गये पदों में वांछित योग्यता अनिवार्य होगी।
2. प्रत्येक पदों हेतु अलग–अलग आवेदन करना होगा।
3. किसी भी प्रकार के परिवर्तन, सुधार एवं विज्ञप्ति को किसी भी समय निरस्त करने का अधिकार जनपदीय चयन समिति के पास सुरक्षित होगा, जिस हेतु किसी भी प्रकार का वाद मान्य नही होगा।
4. समस्त अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र पर अपना मोबाइल नम्बर एवं ई–मेल आई.डी. अंकित करना अनिवार्य होगा। अंकित मोबाइल नम्बर एवं ई–मेल आई.डी. पर ही काउन्सिलिंग/अभिलेख जॉच परीक्षण आदि की सूचना दी जायेगी। गलत मोबाइल नम्बर व ई–मेल आई.डी. अंकित करने पर सूचना न प्राप्त होने की दशा में अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा।
5. अभ्यर्थी के पास यदि अनुभव है तो आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें बाद में काउन्सिलिंग के समय आवेदन पत्र के साथ लगाए गये अभिलेखों के अतिरिक्त कोई भी अभिलेख स्वीकार नहीं किया जायेगा।
6. काउन्सिलिंग/साक्षात्कार में आने–जाने सम्बन्धी कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
7. लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम व विषय लिखा होगा तथा लिफाफे के अन्दर पिन कोड सहित अपना पता लिखा दो लिफाफा जिस पर रू0–58.00 का डाक टिकट लगा हों, संलग्न करना अनिवार्य है।
8. अपूर्ण व त्रुटिपूर्ण आवेदन निरस्त कर दिये जायेगें व उस पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जायेगा।
9. आवेदन पत्र के साथ समस्त शैक्षिक अभिलेख एवं प्रशिक्षण प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। गुणाकों के आंगणन हेतु अंक पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है संलग्न न होने की दशा में आवेदन पत्र निरस्त कर दिये जायेंगे।
10. समस्त शैक्षिक अभिलेख एवं प्रशिक्षण प्रमाणपत्रों में यदि अंक सी0जी0पी0ए0 या एस0जी0पी0ए0 में दर्शाये गये है तो सी0जी0पी0ए0 या एस0जी0पी0ए0 के अंको का प्रतिशत का विश्वविद्यालय द्वारा प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

11. राज्य सरकार द्वारा निर्धारित प्राविधानो के अनुसार आरक्षण देय होगा। (अन्य पिछड़ी जाति/अनु0जाति एवं अनु0जनजाति के अभ्यर्थी को पिता पक्ष का जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा आरक्षण का लाभ देय नहीं होगा) ई0डब्ल्यू0एस0 वर्ग के अभ्यर्थियों को वर्ष 2025–26 का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
12. कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में सेवा हेतु अधिकतम आयु 60 वर्ष होगी।
13. आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर पंजीकृत डाक के माध्यम से कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सिविल लाइन, बाँदा जनपद–बाँदा पिन–210001 के पते पर दिनांक 09.08.2026 को सायं 05.00 बजे तक ही स्वीकार किये जायेगे। निर्धारित तिथि के उपरान्त व किसी अन्य माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेगें।
14. अपूर्ण/हस्ताक्षर रहित/साधारण डाक से प्राप्त/कटिंग/ओवरराइटिंग/निर्धारित प्रारूप से इतर वांछित प्रमाण पत्र संलग्न न होने आदि की दशा में आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जायेगा, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित का होगा।
15. शारीरिक अक्षमता, सक्रामक रोग एवं गम्भीर बीमारी से युक्त अभ्यर्थी आवेदन के पात्र नहीं होगे। चयनोपरान्तः सी0एम0ओ0 से स्वास्थ्य प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
16. शैक्षिक सत्र् में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में चयनित अभ्यर्थियों का सेवा अनुबन्ध 11 माह 29 दिन के लिए किया जायेगा। कार्य व व्यवहार अच्छा होने पर जिलाधिकारी महोदय के अनुमोदनोपरान्त अगले सत्र के लिए नवीनीकरण किया जायेगा।
17. किसी सेवा से बर्खास्त, नैतिक/चारित्रिक अक्षमता के अपराध के लिए दोष सिद्ध एवं दिवालिया महिला चयन के लिए अर्ह नही होगे।
18. केयर टेकर, चपरासी, चौकीदार एवं रसोइया का पद पूर्णकालिक होगा, विद्यालय में ही निवास करना अनिवार्य होगा।
19. उक्त पदो पर चयन हेतु अर्हता विस्तृत निर्देश एवं आवेदन पत्र का प्रारूप जनपद बाँदा के वेबसाइट https://banda.nic.in पर उपलब्ध है एवं कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा है।

Aut 25/7/26

(अव्यक्त राम तिवारी)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
बाँदा।

पृ0सं0/ 7071-09 2026–27 तद्दिनांक :

<u>प्रतिलिपि</u> :– **निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, उ.प्र., लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय, बाँदा।
3. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, बाँदा।
4. समस्त उपजिलाधिकारी, जनपद–बाँदा।
5. जिला सूचना अधिकारी, जनपद–बाँदा को इस अनुरोध के साथ कि उपरोक्त विज्ञप्ति को जनपद बाँदा बेबसाइट https://banda.nic.in में अपलोड करने का कष्ट करें।
6. प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, बाँदा।
7. जिला विद्यालय निरीक्षक, बाँदा।
8. समस्त खण्ड विकास अधिकारी, जनपद–बाँदा।
9. समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, जनपद–बाँदा।
10. सम्पादक, दैनिक हिन्दी समाचार पत्र ....दैनिक जागरण.... एवं ....हिन्दुस्तान.... को इस अनुरोध के साथ कि उक्त विज्ञप्ति को अपने समाचार पत्र में न्यूनतम शासकीय दरों पर प्रकाशित करने का कष्ट करें।
11. कार्यालय पत्रावली।

Aut

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
बाँदा।

# जनपद बांदा के उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में चयन हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

(आवेदन पत्र अभ्यर्थी द्वारा स्वयं साफ–साफ भरा जाये। कटिंग एवं ओवर राइटिंग मान्य नहीं होगी। नाम एवं पिता का नाम तथा जन्म तिथि हाईस्कूल के प्रमाण पत्र के अनुसार लिखी जाये। अपूर्ण त्रुटिपूर्ण एवं अस्पष्ट आवेदन पत्र निरस्त कर दिये जायेंगे)

1. जनपद का नाम ........................................
2. आवेदित पद का नाम ........................................
3. विषय का नाम ........................................
4. अभ्यर्थिनी का नाम (हिन्दी में) ........................................
5. अभ्यर्थिनी का नाम (अंग्रेजी में) ........................................
6. पिता/पति का नाम (हिन्दी में) ........................................
7. (क) जन्मतिथि (हाईस्कूल प्रमाण पत्र के अनुसार) अंकों में (DD/MM/YYYY) ........................................
(ख) जन्मतिथि (शब्दों में)
8. वैवाहिक स्थिति ........................................ राष्ट्रीयता ........................................
9. जाति/वर्ग (अनारक्षित/अनु0जाति/अनु0जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/ई0डब्ल्यू0एस0) ........................................
(अनु0जाति/अनु0जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/ई0डब्ल्यू0एस0 सक्षम स्तर से निर्गत प्रमाण पत्र की अद्यतन प्रति संलग्न करें) ........................................
10. स्थायी पता (निवास प्रमाण पत्र संलग्न करें) ........................................
........................................ पिन कोड ........................................
11. पत्र व्यवहार का पता ........................................
........................................ पिन कोड ........................................

दूरभाष/मोबाइल नम्बर ........................................ ई–मेल........................................

12. आधार नम्बर (संलग्न करें) ........................................
13. शैक्षिक योग्यता–

| क0 सं0 | शैक्षिक योग्यता | संस्था/बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | विषय | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कक्षा–8 उत्तीर्ण | | | | | | |
| 2 | हाईस्कूल | | | | | | |
| 3 | इण्टरमीडिएट | | | | | | |
| 4 | स्नातक (सभी वर्षों के अंक पत्र संलग्न करें) | | | | | | |
| 5 | परास्नातक (सभी वर्षों के अंक पत्र संलग्न करें) | | | | | | |
| 6 | प्रशिक्षण योग्यता | | | | | | |
| 7 | अन्य योग्यता | | | | | | |

14. कार्यानुभव (सक्षम स्तर द्वारा अनुभव प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करें।

| क0 सं0 | संस्था का नाम | बोर्ड का नाम | पद नाम | कार्यावधि (कब से कब तक) | कुल अनुभव (वर्ष, माह, दिन) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

## घोषणा

मैं ........................................पुत्री/पत्नी ........................................एतदद्वारा घोषणा करती हूँ कि आवेदन पत्र में उक्तवत् दिया गया विवरण मेरी जानकारी के अनुसार पूर्णतया सत्य है। इसमें किसी प्रकार का तथ्य गोपन नहीं किया गया है। यदि जांच में कोई तथ्य/संलग्न प्रमाण पत्र फर्जी अथवा कूट रचित प्रकार का पाया जाता है तो मेरा अभ्यर्थन स्वतः निरस्त करने तथा वैधानिक कार्यवाही हेतु जनपदीय समिति द्वारा लिया गया निर्णय मुझे मान्य होगा। मैं किसी प्रकार का वाद किसी भी न्यायालय में दाखिल नहीं करूंगी।

**दिनांक :**

**स्थान :** अभ्यर्थी हस्ताक्षर एवं नाम